हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 जुलाई 2024

11 100 मीटर फ्री स्टाइल लड़कियों में अनुशिका ...



12 नहरी पानी बंटवारे में भेदभाव का आरोप...



## खबर संक्षेप

### सामाजिक विज्ञान के पेपर में 3 नकलची धरे

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सेकेंडरी ;शैक्षिक परीक्षा जुलाई 2024 प्रदेशभर में सोमवार को 25 परीक्षा केन्द्रों पर नकल रहित सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हुई। सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग के 03 मामले दर्ज किए गए। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि उनके व उप.सचिव के संचालन में उड़नदस्ते द्वारा जिला भिवानी के परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रश्न पत्र उड़न दस्ता भिवानी पलवल व जीन्द द्वारा अनुचित साधन प्रयोग का 01.01 मामला दर्ज किया गया।

### पुत्र ने दर्ज कराई पिता की गुमशुदगी की शिकायत

**लोहारू।** गांव सोहांसरा निवासी व्यक्ति ने अपने पिता की गुमशुदगी की शिकायत लोहारू पुलिस थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सोहांसरा के कृष्ण कुमार दत्तक पुत्र महाबीर सिंह ने बताया कि उसके पिता महाबीर सिंह दो दिनों से लापता हैं। उन्होंने बताया कि उनके करीब 64 वर्षीय पिता महाबीर सिंह मानसिक रूप से भी स्वस्थ हैं। लोहारू थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### स्वर्ण जयंती पार्क के सामने से बाइक चोरी

**भिवानी।** स्वर्ण जयंती पार्क के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में फरटिया भीमा निवासी प्रीतम ने बताया कि वह बाइक पर स्वर्ण जयंती पार्क में आया था और बाइक पार्क के बाहर खड़ी की थी। लेकिन कुछ ही देर बाद वापिस लौटा तो बाइक मौके से गायब थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित युवक किया गिरफ्तार

**तोशाम।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ईशरवाल की टीम द्वारा झुल्ली चौक के नजदीक से रोडा निवासी युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झुल्ली चौक के नजदीक निमाणा झज्जर व हाल रोढा निवासी सुखबीर साधन के इंतजार में खड़ा है और उसके पास देशी पिस्तौल है। पुलिस टीम ने रैड मारी तो व्यक्ति खड़ा हुआ मिला। पुलिस ने व्यक्ति को पकड़ा और उसका नामपता पूछा तो उन्होंने अपना नाम सुखबीर बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब में पिस्तौल मैगजीन सहित मिला।

### 'मुकेश के मुरीद' गायन प्रतियोगिता 18 अगस्त को

**भिवानी।** महान पार्श्व गायक मुकेश के प्रशंसकों की संस्था 'मुकेश के मुरीद' की वार्षिक गायन प्रतियोगिता का फाइनल 18 अगस्त रविवार को पंचायत भवन में होगा। इसके ऑनलाइन ऑडिशन के लिए कलाकारों से 16 जुलाई को शाम सात बजे तक वीडियो रुप में प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। एकल गायन के लिए पुरुष गायक केवल मुकेश द्वारा गाए गीत या गजल के मुखड़े, अंतरे तथा फीमेल सिंगर किसी भी गायिका द्वारा गाए गीत के मुखड़े व एक अंतरे का किसी भी ऑनलाइन एप से संगीतबद्ध वीडियो बनाकर भेजेंगे।

### मधुमक्खी पालन पर कार्यशाला आज से

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि के जूलॉजी विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नौ से 11 जुलाई तक किया जा रहा है। विवि प्रवक्ता ऋषि शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में बतौर मुख्यतिथि पदमश्री अवॉर्डी एवं चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार के प्रोफेसर आरसी सिहाग होंगे। कार्यशाला की मुख्य संरक्षक कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी,संरक्षक कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह होंगे।

# ड्यूटी पर ड्यूटी, पढ़ाई कब होगी कैसे आ पाएगा अच्छा परिणाम

## स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया होगी प्रभावित, पांच को खत्म हुई है बीएलओ की ड्यूटी

पीपीपी दुरुस्तीकरण का कार्य 11 जुलाई से शुरू होगा,लेकिन प्राइमरी टीचरों की ड्यूटी अभी से लगा दी।







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शिक्षकों को सोमवार को बीएलओ ड्यूटी से छुटकारा मिला है,लेकिन अगले सप्ताह से शुरू होने वाली परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने के लिए ड्यूटी जाना होगा। पीपीपी में बीएलओ से ज्यादा शिक्षकों की ड्यूटी लगने जा रही है। चूंकि बीएलओ के समक्ष तो थोड़े ही लोग अपने वोट ठीक करवाने या नए बनवाने के लिए पहुंचे थे,लेकिन जिस दिन फैमिली आईडी दुरुस्त करने के शिविर लगने शुरू हो गए। उनमें अनेक लोगों की भीड़ पहुंचेगी। क्योंकि बहुत से लोगों को पीपीपी में त्रुटि के चलते सरकारी योजनाओं का फायदा नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में प्राइमरी टीचरों की ज्यादा ड्यूटी लगने की उम्मीद है।

अगर आधे से ज्यादा टीचरों की ड्यूटी लग गई तो सरकारी स्कूलों में एक एक शिक्षक के पास दो से तीन क्लासें होंगी। साथ ही शिक्षकों की ड्यूटी लगने की वजह से नए बच्चों के दाखिले होने असंभव से लग रहे हैं। उल्लेखनीय है कि स्कूलों की छुट्टियां खतम होते ही प्राइमरी टीचरों की ड्यूटी बीएलओ में लगा दी थी। जो कि पांच जुलाई को खत्म हुई,लेकिन फिर से शिक्षकों को पीपीपी ड्यूटी के लिए निर्देशित किया गया। फिलहाल अनेक लोगों की परिवार पहचान पत्र में गडबड़ी की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने प्राइमरी टीचरों की पीपीपी को दुरुस्त करने के लिए तैनात किया गया है। हालांकि पीपीपी दुरुस्तीकरण का कार्य 11 जुलाई से शुरू होगा,लेकिन प्राइमरी टीचरों की ड्यूटी अभी से लगा दी। कई स्कूल तो ऐसे है। जिनमें से आधे से ज्यादा टीचरों की डयूटी पीपीपी में लगाई है। अगर आधे टीचर चले गए तो उस स्कूल के बच्चों की पढाई किस तरह से होगी। साथ ही इस वक्त स्कूलों में बच्चों का दाखिला कार्यक्रम चल रहा है। अगर इस वक्त शिक्षकों ने बच्चों के दाखिले की तरफ ध्यान नहीं दिया तो बच्चों के पंजीकरण की संख्या घटना लाजिमी है। फिलहाल शिक्षकों की जान शासंत में फंस गई है।

### गैर शिक्षण कार्यों में ड्यूटी न लगाएं

हरियाणा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान भूपेंद्र चाहर ने बताया कि शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य करवाने से बच्चों की शिक्षा का कार्य प्रभावित होना लाजिमी है। क्योंकि स्कूलों में नियुक्त आधे से ज्यादा टीचरों की डयूटी परिवार पहचान पत्र को दुरुस्त करने में लगा दी है। जिसके चलते एक टीचर के जिम्मे दो से तीन क्लासें होगी। अगर एक शिक्षक तीन तीन क्लासों को पढाएगा तो किस तरह से बच्चों का सिलेबस पूरा हो सकेगा। शिक्षा विभाग को चाहिए कि प्राइमरी टीचरों की गैर शिक्षण कार्यों में ड्यूटी न लगाएं।

### नहीं पहुंची किताबें

नए शिक्षा सत्र के तीन माह बीतने के बावजूद आज तक मॉडल संस्कृति स्कूलों में पहली क्लास से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की हिंदी मिडियम की किताबें नहीं पहुंच पाई है। हालांकि इन स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की किताबें तो पहुंची है,लेकिन हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले बच्चे अभी भी दूसरे बच्चों से मांग कर होमवर्क पूरा कर रहे है। यह स्थिति जिले के सभी मॉडल संस्कृति स्कूलों में बनी है। इस बारे में शिक्षकों ने कई बार विभाग के आला अधिकारियों से शिकायत की,लेकिन आज तक बच्चों के लिए हिंदी माध्यम की किताबें नहीं पहुंच पाई है।





लोहारू। दायित्व ग्रहण कार्यक्रम में मौजूद शिवाजी शाखा के पदाधिकारी ।

## भाविप की नई कार्यकारिणी ने दायित्व ग्रहण कर ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

भारत विकास परिषद क्षत्रपति शिवाजी शाखा, लोहारू की नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया तथा सभी पदाधिकारियों ने आदर्श प्ले स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्त्रम के तहत दायित्व ग्रहण किया तथा संगठन के कायांर् को आगे बढ़ाने की शपथ ली। शाखा संरक्षक वासु मतानी ने बताया कि नए सत्र के लिए क्षत्रपति शिवाजी शाखा के लिए नरेश ठुकराल को अध्यक्ष, जितेंद्र जांगड़ा को कोषाध्यक्ष, मुकेश शर्मा को सचिव व कृष्णा राणा को महिला शाखा प्रमुख चुना गया है। इसके अतिरिक्त मास्टर पवन स्वामी को प्रदेश प्रकल्प प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। सभी पदाधिकारियों को माला और पटका पहना कर पद ग्रहण करवाया गया। इसके अलावा नए जुड़े सदस्यों को भी संगठन की सदस्यता ग्रहण करवाई गई है। पूर्व अध्यक्ष सुरेश भारद्वाज ने पिछले वर्ष की संगठन की गतिविधियों के बारे मे जानकारी दी और लेखा जोखा प्रस्तुत किया। आज के कार्यक्त्रम की सभी गतिविधियां भारत विकास परिषद के प्रदेश संगठन सचिव अशोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

### जूनोसिस से बचाव के लिए करवाएं टीकाकरण

**चरखी दादरी।** पशुपालन विभाग के उप निदेशक डा. जसवंत जून ने कहा कि करीब दो सौ संक्रामक बीमारियां ऐसी हैं, जो पशु से इंसान में तथा इंसान से पशु में फैल सकती है। इन बीमारियों से बचाव के लिए पालतू पशुओं का समय पर वैक्सीनेशन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्रांस के वैज्ञानिक लुइस पाश्चर ने रैबीज के इंजेक्शन का सफल परीक्षण किया था। इसी उपलक्ष्य में जूनोसिस डे मनाया जाता है। आदमी को पशुओं का पालन-पोषण करते हुए विशेष सावधानी रखनी चाहिए। इन दिनों बढ़ते तापमान,पर्यावरण प्रदूषण, रासायनिक खेती आदि के कारण संक्रमण फैलने का खतरा अधिक रहता है। बीमार पशुओं की वजह से ब्रूसोसिल्स, एसएआरएस, लेप्टोस्पायरोसिस आदि रोग होने का खतरा बना रहता है। इनसे बचाव के लिए किसान अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण करवाएं।

## एसपी ने 7 लाख रुपये के गुम हुए 21 मोबाइल फोन मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

■ साइबर शाखा ने मोबाइल ट्रेस किए

पूजा वशिष्ठ पुलिस अधीक्षक चरखी दादरी ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिला की साइबर सेल प्रभारी हेड कांस्टेबल योगेश की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर अप्रैल माह से जुन माह 2024 में आमजन के गुम हुए करीब 7 लाख रुपये की कीमत के सीईआरआई पोर्टल से ट्रेस 21 मोबाइल फोन को तलाश कर सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आज उक्त मोबाइल फोनों के मालिकों को कार्यालय में बुलाकर मोबाइल फोन सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस का आभार जताया।

वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल टीम की प्रशंसा की। एसपी ने बताया कि जिला पुलिस की साइबर सेल ने वर्ष 2024 में अब तक करीब 12 लाख रुपये की कीमत के गुम 36 मोबाइल फोन ट्रेस करने में सफलता हासिल की है।

## यूनियन ने रोष प्रदर्शन कर भेजा सीएम को मांगपत्र

■ हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन ने बैठक कर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा



हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ ब्रांच बाढ़डा की बैठक यूनियन कार्यालय में सोमवार को जय भगवान शर्मा की अध्यक्षता में समपन्न हुईं।

बैठक का संचालन ब्रांच कोषाध्यक्ष रामचंद्र ने किया। राज्य प्रेस सचिव अली मोहम्मद कादमा ने बताया कि प्रदेश कमेटी के आह्वान पर प्रदेश में 8 जुलाई से 26 जुलाई तक जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन कर जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिहं सैनी को कर्मचारियों की मांगों को लेकर मांग पत्र भिजवाया जाएगा। इसी कड़ी में चरखी दादरी जिले का जिला कार्यकर्ता रोष प्रदर्शन कर 10 जुलाई को किया जाएगा। ब्रांच चेयरमेन कश्मीर कारी धारणी ने बताया कि जिले भर से हजारों कर्मचारी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के यूनियन कार्यालय से इकट्ठा होकर शहर में रोष प्रदर्शन करते हुए जिला उपायुक्त दादरी को अपनी 26 सूत्रीय मांग पत्र सौपेंगे। ब्रांच कोषाध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा सरकार कर्मचारीयों की जायज मागों को लेकर गंभीर नहीं है। यदि सरकार समय रहते कर्मचारियों की मागों को पूरा नहीं करतीं हैं तो हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 सूत्रीय मांगे पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना,बाढ़ड़ा में 23 कच्चे कर्मचारियों को प्रोविशन अस्टीमेट कम बताकर हटाया गया था तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जायेए सभी तकनीकी पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को तकनीकी पे.स्केल दिया जाए।

### सीजेएम ने विडो सेल की मासिक समीक्षा बैठक में ऑनलाइन दिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश, विधवाओं को जागरूक करें

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एंव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी की अध्यक्षता में विडो सेल की ऑनलाइन मासिक समीक्षा बैठक आयोजन हुई। बैठक में सीजेएम कपिल राठी ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सीजेएम कपिल राठी ने जिला स्तर पर विडो सेल सिस्टम के तहत विधवा महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने व उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने बारे में विस्तार से समीक्षा की। सीजेएम ने निर्देश दिए कि विडो सेल की मदद से महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने का प्रयास किया जाए। सरकार द्वारा विधवा महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें पेंशन संबंधी, लोन संबंधित योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ विधवा महिलाओं को मिलना जरूरी है। जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए गए कि वह विधवा महिला व उनके बच्चे को दी जाने वाली पेंशन में किसी कारण फार्म में कमी है, तो उन्हें फ ोन के द्वारा सूचित कर उन कमियों को पूरा करवाया जाए। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों को कहा कि महिलाओं को उनके बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत करवाएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को आदेश देते हुए कहा कि सभी समस्याओं का सबसे बेहतर समाधान जागरूकता है। लोगों के जागरूक होने से समस्याओं का समाधान संभव है। इसी को ध्यान में रखकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से विधवाओं को जागरूक किया जाए। वन स्टॉप सेंटर मे एक हेल्प डेस्क बनाया जाए, जिसमें विधवा महिलाओं से संबंधित शिकायतों को दर्ज किया जाए और उनका समाधान करवाया जाए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, एसडीएम कार्यालय, लीगल काउंटर वन स्टॉप सेंटर, महिला एवं विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### जागरण में किया श्रीश्याम बाबा का गुणगान



**भिवानी।** हनुमान ढ़ाणी चौक स्थित पुष्प वाटिका परिसर में श्रीश्याम प्रेम मंडल द्वारा खाटू श्रीश्याम बाबा का भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका श्रीगणेश दिल्ली से पहुंचे खाटू श्याम प्रेमी एवं भगवान जग्गन्नाथ पूरी मंदिर दिल्ली के सेवादार समाजसेवी रोहित गोयल भिवानी वाले ने किया। जागरण कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक कलाकर पहुंचे और उन्होंने बाबा का गुणगान किया। इस अवसर पर श्रीश्याम प्रेम मंडल परिवार ने अखंड ज्योति जगाई। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र लोहिया की रही। समाजसेवी रोहित गोयल एवं समाजसेवी सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि खाटू श्याम बाबा के भिवानी से काफी भक्त हैं, जिनकी आस्था और विश्वास खाटू धाम से जुड़ी हुई है। कलाकारों ने खाटू बाबा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि खाटू बाबा के दरबार में जो अपनी हाजिरी लगाता है वह कभी भी अपने आप को खाली नहीं पाता है। ये भव्य कार्यक्रम डॉ. सौरभ जैन ने अपने पुत्ररत्न प्राप्ति को लेकर आयोजित किया, जिसमें शहर से अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़े प्रबुद्ध व्यक्तित्व पहुंचे। जागरण में डॉ. सौरभ जैन, पायल जैन, हायन्स जैन, दवा विक्रेता संघ के महासचिव अशोक गोयल, महेन्द्र जैन, लक्ष्मीकांत शर्मा, सुरेश जोशी, जितेंद्र डिबेवाल, बालकिशन शर्मा, सुंदर जांगड़ा, विनोद डालमिया, गायक कुलदीप शर्मा, रसमी, मनीष गुप्ता, रवि गौतम, समाजसेवी अशोक भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### गोष्ठी में ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव बोले-ग्वार की बची बिजाई किसान 10 तक पूरी कर लें

**भिवानी।** भिवानी जिले के खंड बहल में ग्वार की बिजाई जो ज्यादात्तर बारिश पर आधारित है, जिसमें करीबन 70 प्रतिशत बिजाई हो चुकी है। बची हुई बिजाई जिसमें अभी कम बारिश या बिजाई करने वाली बारिश नहीं हुई है, जैसे ही मानसून की बारिश आने पर 10 जुलाई तक पूरी कर लें उसके बाद बिजाई करने पर पैदावार में काफी कमी आनी शुरू हो जाती है। ये बात किसानों से रूबरू होने पर गोष्ठी के दौरान ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फसल के सीजन को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में ग्वार की अधिक बिजाई करने व ग्वार की उत्पादकता बढ़ाने के मकसद से खंड बहल के गांव सिधनवा में विषय विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार के तत्वावधान में ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव के सहयोग से ग्वार फसल पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। ट्रेनिंग के दौरान किसानों को ग्वार की पछेती बिजाई करने व संतुलित खाद का प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। ट्रेनिंग के दौरान ग्वार विशेषज्ञ ने किसानों को सलाह दी कि ग्वार की बची हुई बिजाई 10 जुलाई तक पूरी कर लें, इसके बाद ग्वार की बिजाई करने पर पैदावार में काफी कमी आनी शुरू हो जाती है। इस प्रोग्राम में गांव के प्रगतिशील किसान नंबरदार सुभाष श्योरान, सरपंच दीपेंद्र सिंह, रमेशचंद्र, अनिल, सुरेश, पवन, प्रवीण शर्मा, रणवीर, नरेश, विनोद, हवासिंह मान, इंद्रसिंह, प्रदीप व सुनील, सोमबीर जोहड, जगबीर मान, राजपाल आदि किसान मौजूद थे।

## पूर्व सीएम हुड्डा ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का 'मूल मंत्र'

# भाजपा के 'अभेद किले' को 'भेदने की तैयारी'

पुरुषोत्तम तंवर ▶▶ भिवानी

भाजपा का रूतबा कहें या फिर विधायक घनश्याम सर्राफ (विक्टरी मैन) की तीन बार की जीत के बाद अभेद हुए भिवानी के किले को भेदने के लिए दूसरी बार पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने जनता के बीच पहुंचना पड़ा।

वह बात दिगर है कि विधायक घनश्याम सर्राफ अपने रसूकों व चुनावी रणनीति में माहिर होने की वजह से कांग्रेस के सामने पर्वत की तरह खड़ा है। पहली बार किरण चौधरी के कांग्रेस में रहते भिवानी की अनाजमंडी में कार्यक्रम का आयोजन कर कांग्रेसजनों को उत्साह की बुस्टर डोज दे गए थे,लेकिन उस डोज का भिवानी हलके को छोड़कर बाकी जगहों पर असर दिखा। पर भिवानी पर कांग्रेस की बुस्टर डोज बेअसर साबित रही। जिसके चलते लोकसभा चुनाव में अकेले भिवानी लोकसभा ने 28800 की बढ़त दिलाकर धर्मबीर सिंह को संसद भेजा। भाजपा के इस अभेद किले को भेदने के लिए पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुडडा प्रभारी उदयभान को दूसरी बार कार्यक्रम का आयोजन करना पड़ा। इस दौरान पूर्व सीएम ने वर्करों को जीत का मूल मंत्र भी दिया। इससे पहले लोकसभा चुनावों में भी भिवानी में चुनावी कार्यालय खोलकर कांग्रेस ने पूरा ध्यान उक्त विधानसभा पर ही रखा था। खैर वह बात दिगर है कि उक्त कार्यक्रम के जरिए उक्त कांग्रेस के बड़े नेता अभेद किले को भेद पाने में सफल होते है या नहीं,लेकिन इस बहाने भिवानी में कांग्रेस की पकड़ को मजबूत जरूर बना जाएंगे। अब पूर्व सीएम हुड्डा के समक्ष पहाड़ जैसी चुनौती बनी भिवानी की सीट है।

वहीं आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने अभेद किले को बचाने में एड़ी चौटी का जोर जरूर लगाना पड़ेगा। यहां यह बताते चले कि भिवानी में बवानीखेड़ा, लोहारू, तोशाम में कांग्रेस अच्छी खासी बढ़त बनाए हुए है,लेकिन भिवानी विधानसभा ने कांग्रेस को जोर का झटका दिया है।

### सर्राफ की शराफत के आगे विरोधी बेबस

विधायक धनश्याम सर्राफ की सराफत के आगे सभी नेता नतमस्तक है। उनकी हर व्यक्ति के लिए उपलब्धता उनकी लोकप्रियता को ओर बढा रही है। उनके आवास पर कभी भी किसी वक्त कोई व्यक्ति उनसे मुलाकात कर सकता है। यहां तक भाजपा ही नहीं विरोधी पार्टी के लोग भी उनसे मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंचते है। उनकी लोकप्रियता के आगे सभी विरोधी बेबस साबित हो रहे है। विधायक घनश्याम सर्राफ ने उन दिनों में भाजपा का झंडा बुलंद किया था। जिस वक्त हरियाणा में केवल चार सीटें जीतकर भाजपा विधानसभा तक पहुंची थी। उनमें से एक विधायक घनश्याम सर्राफ है। उसके बाद वर्ष 2014, 2019 में भिवानी विधानसभा से जीत दर्ज कराकर भाजपा को मजबूती दी। इसी तरह लोकसभा चुनाव में विधायक सर्राफ सहित प्रदेश के सभी विधायकों को अपने अपने हलकों से लोकसभा प्रत्याशियों को जिताने का आवहान किया था। जिसमें विधायक घनश्याम सर्राफ ने अपने हलके से 28800 मतों से लीड दिलाकर धर्मबीर सिंह को संसद भिजवाया। इसमें भाजपा की नीतियां और विधायक सर्राफ की चुनावी रणनीति अहम मानी जा रही है।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत सरकार देगी ब्याज अनुदान राशि

**भिवानी।** हरियाणा महिला विकास निगम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना बनाई है। इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2024.25 में तीन लाख रुपये तक का ऋण देने के लिए निगम ने 88 केसों का लक्ष्य रखा है। इच्छुक महिला आत्मनिर्भर बनने के लिए निगम से संपर्क कर सकती हैं। आवेदन करने के लिए मकान नंबर 124 विकास नगर, सब्जी मंडी के पीछे, रोहतक गेट भिवानी ;मोबाइल नंबर 9068298582 व 7507189640द्ध स्थित महिला विकास निगम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम के तहत बैंको के माध्यम से महिलाओं को तीन लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। इस योजना के तहत जिला भिवानी के लिए 2024.2025 में 88 केसों का लक्ष्य रखा गया है। योजना के लिए आवेदक की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक पहले से लिए गए ण की डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। योजना के तहत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर तीन सालक तक सात प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी।

हरिभूमि सहेली



बदलते हुए समय के साथ वैवाहिक रिश्तों को लेकर महिलाओं की सोच भी बदली है। उनके लिए विवाह अब अनिवार्य नहीं रहा है। आज कई महिलाएं पूरी स्वतंत्रता के साथ सिंगल रहना पसंद करती हैं। विवाह को लेकर बढ़ती अरुचि, टूटते वैवाहिक संबंधों की बढ़ती संख्या पर एक जरूरी विवेचन।

# महिलाएं क्यों रहना चाहती हैं सिंगल

कवर स्टोरी / अलका 'सोनी'

विवाह हमारे समाज की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रथा है। ऐसा माना जाता है कि जीवन की गाड़ी, विवाह के पहिए पर ही आगे बढ़ती है। विशेषकर महिलाओं के लिए तो विवाह अनिवार्य है। इनका सिंगल रहना जैसे वर्जित है। लड़की की उम्र थोड़ी ज्यादा हुई नहीं कि उसके बारे में तरह-तरह की बातें होने लगती हैं। लोग उससे यही पूछते हैं, 'तुम्हारे हाथ कब पीले हो रहे हैं? मिठाई कब खिला रही हो?' इतना ही नहीं समाज के लोग तरह-तरह के अटपटे सवाल भी करते हैं। लड़की खुद को बहुत शर्मिंदा महसूस करती है। हम यह क्यों नहीं समझते कि बदले हुए दौर में लड़कियों की सोच भी बदल चुकी है। अब उनके जीवन में विवाह के इतर भी बहुत कुछ है।

## लड़कियों की बदल गई हैं प्राथमिकताएं

पिछले कुछ समय से लड़कियों की वैवाहिक रिश्ते में बंधने और इसके प्रति कमिटमेंट में रहने की मानसिकता में बदलाव आया है। शादी, जिसे सात जन्मों का बंधन माना जाता है, यह सोच बदली है। पति के साथ हर हाल में संबंधों का निर्वाह उनके लिए अब जरूरी नहीं है। आज उनके लिए अकेले रहना मुश्किल नहीं है। सामाजिक रीति-नीति को झुठलाती ये लड़कियां आत्मविश्वास से भरपूर और आत्मनिर्भर हैं। इनकी प्राथमिकताएं अब बदल चुकी हैं। शादी को यह आधी दुनिया अब बहुत जरूरी नहीं समझती।

## क्यों बढ़ रही है विवाह के प्रति अरुचि

सवाल यह है विवाह और विवाह संबंधों की बढ़ती अरुचि के पीछे कारण क्या हैं? डाटा एनालिस्ट मिंटेल द्वारा हुई एक स्टडी के अनुसार संबंधों को चलाने के लिए पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा काम और मेहनत करनी पड़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक तरह से गृहस्थी की सारी जिम्मेदारी हमारे समाज में महिलाओं के हिस्से में डाल दी जाती हैं। रिलेशनशिप एक्सपर्ट्स की मानें तो महिलाएं रिश्तों को निभाने के साथ-साथ घर के काम, खाना बनाना, फैमिली का ध्यान रखना, बच्चों की परवरिश, रिलेशनशिप में होने वाली छोटी-मोटी लड़ाइयों का निपटारा आदि बातों में इतनी ज्यादा उलझ जाती हैं कि रिलेशनशिप में उनकी रुचि एक समय के बाद खत्म हो जाती है। वे अपना 'मी' टाइम मिस करने लगती हैं। नतीजा यह होता है वे विवाह के बंधन से मुक्त होने की सोचने लगती हैं।

## कोई गिला नहीं जिंदगी से

अब तेजी से वक्त बदल रहा है। महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता ने उनकी स्थिति को बदला है। नए दौर की महिलाएं करियर, सामाजिक रुतबे और मन मुताबिक जिंदगी जीने को तवज्जो देने लगी हैं। सौ फीसदी ना सही, लेकिन शिक्षित वर्ग की महिलाओं का एक बड़ा तबका अब अपनी शर्तों पर जिंदगी जी रहा है। समाज क्या कहेगा, इसकी चिंता छोड़कर ये महिलाएं वही करती हैं, जो उनका दिल कहता है। यही कारण है कि अविवाहित महिलाओं की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ी है। खास बात यह है कि इन सिंगल वूमेन को अपने अकेलेपन से कोई शिकायत नहीं है। ये जिंदगी की दौड़ में जीत दर्ज करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही हैं, खुश भी हैं।

## शादी को लेकर टूट रही है अवधारणा

'पत्नी और मां बने बिना औरत अधूरी है।' यह अवधारणा अब पुराने जमाने की सी मालूम होती है। छत्तीस वर्षीया तनु कहती हैं, 'मुझे नहीं लगता कि शादी संपूर्णता और खुशी की गारंटी है। मैंने अपने बहुत से दोस्तों को देखा है, जो शादी-शुदा होने के बावजूद अकेले और खुद को प्यार से वंचित महसूस करते हैं। यह सच है कि अपने अंदर की रिक्तता को आप खुद ही भर सकते हैं। मैं अपने करियर और शौक पूरे करके खुश हूं। आज अपने आस-पास टूट रहे वैवाहिक संबंधों को देखकर अकेले रहने के फैसले से मुझे खुशी महसूस होती है।' तनु आगे भी कहती हैं, 'घर से लेकर ऑफिस तक के काम में मैं इतनी बिजी रहती हूं कि खुद के लिए फुर्सत नहीं होती तो अकेलापन कहां से महसूस होगा। वैसे भी घर में मम्मी-डैडी सब हैं।' तनु जैसी अन्य महिलाओं को भी देखकर कहा जा सकता है कि कभी पति और बच्चों के दायरे में सिमटी रहने वाली भारतीय महिलाओं की सोच और जिंदगी अब तेजी से बदल रही है।



### क्या कहते हैं आंकड़े

**डाटा एनालिस्ट** मिंटेल द्वारा हुई स्टडी के अनुसार जहां 49 फीसदी पुरुष अपने सिंगल स्टेटस से खुश हैं, वहीं 61 फीसदी महिलाएं सिंगल रहना चाहती हैं। इस स्टडी में यह भी बताया गया है कि सिंगल महिलाओं में लगभग 75 फीसदी महिलाएं ऐसी हैं, जिन्होंने अपने लिए पार्टनर ढूंढ़ने की कोई कोशिश भी नहीं की है, जबकि महिलाओं के मुकाबले ऐसे पुरुष केवल 65 फीसदी हैं।

## जीवन की सफलता के लिए जरूरी नहीं विवाहित होना

पहले किसी महिला की सफलता-असफलता उसकी वैवाहिक स्थिति से मापी जाती थी। मतलब अगर महिला की शादी-शुदा जिंदगी सुखी है तो वह सफल है। अगर उसका वैवाहिक जीवन बिखरा हुआ है या वह तलाकशुदा है तो उसे असफल माना जाता था। लेकिन आज महिलाएं जान चुकी हैं कि उनकी सफलता का विवाह से कोई लेना-देना नहीं है। कोई महिला कितनी सफल है, यह उसके करियर और आर्थिक आत्मनिर्भर होने से जुड़ा विषय है, ना कि विवाह से जुड़ा।

## स्वतंत्र रहने की चाहत

हमारे देश में पारिवारिक ढांचा ऐसा है, जिसमें पढ़ी-लिखी और काम-काजी महिलाओं को भी आजादी नहीं मिल पाती। उन पर पाबंदियां होती हैं। उन्हें हर बात का हिसाब देना पड़ता है। अगर वे बाहर काम करती हैं तो उन्हें घरेलू कामों से भी राहत नहीं मिलती। इसके अलावा उन्हें अपने वेतन से घर चलाने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। शादी-शुदा होने की स्थिति में भी उनके पैसे पर उनके पति का ही अधिकार होता है। इस स्थिति में महिलाएं सिंगल रहना ज्यादा पसंद करती हैं।

उपर्युक्त पहलुओं पर विचार करने के बाद यही कहा जा सकता है कि आज की महिलाएं जागरूक हुई हैं। वे अपने करियर और अपनी पसंद को वरीयता दे रही हैं। रिश्ते में किसी तरह का समझौता नहीं चाहती हैं। अब वह जमाना नहीं रहा कि वे घुट-घुटकर जीवन को गुजारें।

### टूट रहा है परंपरागत सामाजिक ढांचा

**भारत में** वैवाहिक रिश्तों का परिदृश्य लगातार तेजी से बदल रहा है। यह पिछले कुछ सालों में परंपरागत समाज की तुलना में आधुनिक ढांचे की ओर बढ़ रहा है। शादी और रिलेशनशिप से जुड़े अलग-अलग सवालों को लेकर किए गए एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारतीय महिलाएं अपनी विषम पारिवारिक स्थितियों के कारण सिंगल रहना पसंद कर रही हैं। आज वे केवल सामाजिक मांगों के कारण रिश्ते में बंधने की जल्दबाजी नहीं कर रही हैं। डाटा एनालिस्ट मिंटेल की स्टडी के अनुसार देश भर की लगभग 81% महिलाओं ने महसूस किया कि अविवाहित होने और अकेले रहने में अधिक आसानी होती है। यहां तक कि किसी के साथ डेटिंग करते समय भी उनमें से लगभग 63% ने कहा कि वे केवल अपने साथी की पसंद को वरीयता नहीं देंगी बल्कि खुद के प्रति सच्ची रहेंगी। इस स्टडी से यह भी पता चला कि 83% महिलाएं तब तक इंतजार कर सकती हैं, जब तक कि उन्हें सही साथी ना मिले। यानी कि अब उन्हें शादी या जीवनसाथी के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है।

---

डाइट एडवाइस
शिखर चंद जैन

हेल्दी रहने के लिए केवल लंच और डिनर ही नहीं ब्रेकफास्ट का भी न्यूट्रिशस होना जरूरी है। याद रखें कि किसी भी कंडीशन में ब्रेकफास्ट स्किप ना करें। इसे स्किप करने से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।



# कभी स्किप ना करें ब्रेकफास्ट

अभिलाषा, तुमने तो शूज भी पहन लिए। इतनी भी क्या जल्दी है, नाश्ता करके चलेंगे।' तनु ने अपनी रूममेट को टोका। अभिलाषा लापरवाही से बोली, 'क्या यार तेरी बुजुर्गों जैसी आदतें हैं। नाश्ता क्या करना है, सीधे लंच लेंगे रेस्तरां में।'

तनु ने समझाया, 'शायद तुम्हें पता नहीं है कि ब्रेकफास्ट करना सभी के लिए जरूरी है। सुबह का नाश्ता हमें दिन की बेहतरीन एनर्जी देता है।'

**कई रोगों से बचाव:** दुनिया भर में कई शोध हो चुके हैं, जिनसे पता चलता है कि नियमित रूप से नाश्ता करने के कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में डाइटिशियन और मेडिसिन की प्रोफेसर कैथरीन स्टार कहती हैं, 'नाश्ता करने से मोटापा, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और टाइप टू डायबिटीज का जोखिम कम होता है। वयस्कों में शॉर्ट टर्म मेमोरी इंप्रूव होती है, बच्चों का परफॉर्मेंस इंप्रूव होता है। उन्हें भरपूर एनर्जी मिलती है। नाश्ता सही शुरुआत में मददगार होता है।'



**कैसा हो ब्रेकफास्ट:** न्यू जर्सी (अमेरिका) की डाइटिशियन लॉरेंस हैरिस पिंकस कहती हैं, 'मेन मील से पहले ब्लड शुगर लेवल और एनर्जी मेंटेन करने के लिए प्रोटीन, फाइबर रिच और अनसैचुरेटेड फैट्स फ्री नाश्ता करें।'

**प्रोटीन:** मसल्स मेटाबॉलिज्म और फिजिकल स्ट्रेंथ के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इसकी मात्रा डाइट में 25 से 30 ग्राम तक सीमित रखें। इससे अधिक प्रोटीन या तो बॉडी में फैट की तरह स्टोर हो जाता है या फिर निकल जाता है। जब नाश्ता मिस करती हैं तो सुबह प्रोटीन की जरूरत पूरी नहीं हो पाती है।

**न्यूट्रिएंट्स:** हमारे शरीर में जिन पोषक तत्वों की कमी पाई जाती है, वे हैं-कैल्शियम, विटामिन डी, पोटेशियम और फाइबर्स। नतीजतन स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जब रेग्युलर न्यूट्रिएंट्स रिच नाश्ता करती हैं तो इन तत्वों की भरपाई होती है। ओट्स, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स, फल लें। इनसे विटामिन डी, फाइबर्स, कैल्शियम मिलता है।

### ब्रेकफास्ट करने के फायदे

- सुबह भूखे रहने पर हमारा कंसंट्रेशन वीक होता है। हेल्दी ब्रेकफास्ट कंसंट्रेशन लेवल और फोकस इंप्रूव करता है।
- नाश्ता करने से इमोशंस कंट्रोल करने में मदद मिलती है और डिसीजन मेकिंग स्किल सही रहती है।
- चीज, योगर्ट, फर्मेंटेड फूड्स (ढोकला, इडली) लेने से टाइप टू डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इन्फ्लेमेशन का जोखिम कम होता है।

---

# ग्रीन टी से पाएं चेहरे पर निखार

टिप्स

आपने यह तो सुना-पढ़ा होगा कि हमारी हेल्थ के लिए ग्रीन टी बहुत फायदेमंद है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह स्किन की कई प्रॉब्लम्स को दूर कर रंगत को भी निखारती है। दरअसल, ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, चेहरे की सेल्स में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देते हैं। इससे त्वचा में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ने से चेहरे की रंगत में निखार आता है। जानिए, ग्रीन टी से कैसे स्किन केयर की जा सकती है।



- मॉयश्चराइजर के तौर पर ग्रीन टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। 25 मिली कोकोनट ऑयल, 25 मिली एलमंड ऑयल और 25 मिली एसेंशियल ऑयल (जैसे लैवेंडर ऑयल) को आधा कप ग्रीन टी की पत्तियों में डुबोकर रखें। कुछ देर बाद इसे ब्लेंडर में पीसकर पेस्ट बना लें। इसका इस्तेमाल मॉयश्चराइजर की तरह करें। यह त्वचा को नमी देकर सुंदर बनाता है। चेहरे के दाग-धब्बों को हटाता है।
- आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स कम करने के लिए उस हिस्से पर ग्रीन टी बैग्स लगाएं। इससे आंखों के आस-पास की पफीनेस भी दूर होती है।



- ग्रीन टी बैग का इस्तेमाल करने के बाद इन्हें फेंके नहीं, इसके बजाय इन्हें फ्रीजर में रखकर जमा लें। दिन में एक बार इन्हें आंखों और चेहरे पर 15 मिनट तक रखें। ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स आंखों की स्किन को न्यूट्रीशन देकर हेल्दी बनाते हैं।

-सहेली फीचर्स

---

बिहेवियर / रेखा शाह आरबी

हम अकसर ही बात-बात पर झुंझलाते हैं, इरिटेट होकर टेंशन में आ जाते हैं। हमें समझ में ही नहीं आता कि यह हो क्यों रहा है? ऐसी मन:स्थिति में लंबे समय तक रहना हमारी मेंटल हेल्थ के लिए सही नहीं है। इससे हम कैसे बचें, एक बहुत ही जरूरी सलाह।

# जब मन हो इरिटेट

नितिन सुबह से ही देख रहा था, पत्नी साक्षी का मूड उखड़ा-उखड़ा है। बार-बार उसे मूड स्विंग हो रहे हैं। कुछ भी पूछने पर अजीब-सा जवाब मिलता। ऐसा भी नहीं था पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा हुआ हो। नितिन समझ नहीं पा रहा था कि साक्षी क्यों ऐसा व्यवहार कर रही है? उधर साक्षी को ना कुछ करना अच्छा लग रहा था, ना ही किसी से बात कर रही थी। नितिन एक समझदार पति है, वह जान रहा था कि साक्षी का यह नॉर्मल बिहेवियर नहीं है। अगर उसके बिहेवियर में परिवर्तन है तो जरूर कोई बात है, जिससे वह इरिटेट हो रही है। अगर नितिन की जगह पर कोई दूसरा होता तो घर में कलह होना तय था। साक्षी का इरिटेट होना, कोई बहुत असामान्य बात नहीं है। ऐसा हम सभी के साथ कभी ना कभी होता है। ऐसा प्रायः कभी मौसम बदलने के कारण, कभी प्रेग्नेंसी के दौरान या कुछ मनमुताबिक ना हो पाने या फिर कभी थकी-हारी हुई अवस्था के कारण होता है। स्वयं को समझ में नहीं आता है कि आखिर मन क्यों इतना खिन्न है? जब ऐसा मूड हो जाता है तो मन परेशान हो जाता है, इंसान तनाव में आ जाता है। ऐसी स्थिति में कुछ कारगर उपाय अपनाकर इरिटेशन, तनाव से मुक्त हुआ जा सकता है-



**फेवरेट पर्सन से करें बातें:** हम सभी की जिंदगी में कोई ऐसा दोस्त या परिवार में कोई एक ऐसा सदस्य जरूर होता है, जिससे हम पूरे भरोसे के साथ अपने दिल की बातें साझा कर सकते हैं। इससे मन हल्का हो जाता है। अगर कभी मन में चिंता, दुविधा, चिड़चिड़ाहट और नकारात्मकता भर रही हो तो अपने फेवरेट पर्सन से दिल की बातें साझा करें, अपनी समस्या दिल खोलकर बताएं। इससे ना केवल मन हल्का होगा। आपको सही सलाह मिलेगी। आप देखेंगे कि आपकी इरिटेशन और तनाव भी काफी हद तक कम हो रहा है।

**मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें:** अच्छी बुक्स पढ़ना अच्छी आदत है। जब मूड अपसेट हो तो मोटिवेशनल बुक्स मन को शांत करने में मददगार हैं। अपनी पर्सनल लाइब्रेरी में कुछ अच्छी मोटिवेशनल किताबें जरूर रखें। जब दिमाग किसी उलझन में हो तो इन किताबों को पढ़ें, इससे आप रिलैक्स महसूस करेंगी।



**पार्क में घूमें:** जब भी कभी आप इरिटेशन और तनाव महसूस करें तो पार्क में घूमने निकल जाएं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह बहुत अच्छा रहेगा। हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच में टहलना, नेचर को महसूस करना, चिड़ियों की चहचहाहट को सुनना थैरेपी का काम करता है। यह काफी फायदेमंद होता है, इससे मन एकदम से तरोताजा हो जाता है। इनके अलावा और भी बहुत उपाय हैं, जिनकी मदद से मन की उद्विग्नता, इरिटेशन और तनाव को खत्म कर सकती हैं। जैसे कोई कॉमेडी मूवी/शो देखना, बच्चों के साथ खेलना, शॉपिंग करना, म्यूजियम घूमने जाना, योगा करना या फिर पेंटिंग, सिंगिंग जैसे क्रिएटिव काम। इससे मन को सुकून मिलेगा, इरिटेशन और तनाव दूर होगा।

### कब लें डॉक्टर से सलाह

**कभी-कभार** इरिटेशन और तनाव महसूस करना, सामान्य-सी बात होती है। लेकिन अगर असामान्य रूप से लगातार कोई तनावग्रस्त है। उसका मूड हमेशा खराब रहता है, वह परेशान रहता है, उसे घबराहट और निराशा महसूस होती है तो तुरंत मनोचिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि जब लगातार यह लक्षण दिखाई दे रहे हैं तो डॉक्टर ही सही रूप से जांच कर, उसकी इरिटेशन किन मानसिक स्थितियों या शारीरिक कारणों से है, बता सकते हैं। ऐसे में देर ना करें और डॉक्टर से संपर्क करें।

---


लाइफस्टाइल / विनीता

आपके आस-पास जो भी लोग हैं, उनसे अपनेपन से जुड़ना जरूरी है। इससे आप जिंदगी में कभी भी खुद को अकेला नहीं महसूस करेंगी। हर मुश्किल का सामना आसानी से करेंगी। अपनों से आप कैसे जुड़ी रहें, जानिए।

# अपनों को देकर अहमियत जिंदगी बनाएं आसान

हम बिना समाज के अपनी कल्पना नहीं कर सकते। ऐसे ही नहीं कहा गया है 'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।' हमारा परिवार, हमारे नाते-रिश्तेदार और मित्र, यहां तक कि आस-पड़ोस के लोग भी हमारा बहुत बड़ा संबल होते हैं। कठिन परिस्थितियों में इनकी सलाहें हमें सही राह दिखाती हैं। हम मुश्किलों से उबरते हैं। इनका साथ हमारे लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में कोई यह बोले, 'मुझे किसी की सलाह की जरूरत नहीं। मैं अपनी मर्जी की मालिक हूं। मुझे जो ठीक लगेगा वही करूंगी।' ऐसी सोच ठीक नहीं है। यह सोच आपको अहंकारी बनाती है। आप अपनों से दूर होकर, अपने जीवन में बहुत अकेली पड़ जाएंगी। इसलिए अपना व्यवहार कभी ऐसा ना रखें कि लोग आपको अहंकारी समझें। इस बात का ध्यान रखें, कहीं अनजाने में आप भी किसी ऐसी आदत की तो शिकार नहीं हो रही हैं, जो आपको अपनों से दूर कर दे। अगर आपको ऐसा लगता है, तो आज से ही अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। अपने आस-पास के लोगों से जुड़ें, उनसे मिठास भरा रिश्ता बनाएं। इसके लिए आप कुछ बातों को अमल में लाएं-

**अपनों से लें सलाह:** आपको कोई ऐसा निर्णय लेना है, जो पूरे परिवार से जुड़ा है तो उसके बारे में परिवार के सभी सदस्यों को जरूर बताएं, उनकी राय लें। पति और घर के बुजुर्गों से तो राय लें ही, अगर आपके बच्चे टीनएजर हैं, तो उनसे भी सलाह लें। उनकी भी राय जानना भी आपके लिए जरूरी है। कई बार आप अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं ढूंढ पातीं, ऐसे में जब आप आस-पास के लोगों से उस समस्या के बारे में बातचीत करेंगी, आपके लिए उसका समाधान ढूंढना आसान हो जाएगा। अगर आप वर्किंग हैं तो ऑफिस में जिनके साथ लंबे समय से काम कर रही हैं, आपके सीनियर हैं, किसी काम को शुरू करने से पहले इनसे विचार-विमर्श करें। वे अपने अनुभव के आधार पर आपको ऐसी सलाह दे सकते हैं, जो आपके करियर की सक्सेस के लिए जरूरी है।



**रिश्ते में आती है मजबूती:** जब आप अपनों से सलाह- मशविरा कर उन्हें अच्छा महसूस कराती हैं, तो इससे आपके आपसी संबंधों में मजबूती आती है। दूसरा व्यक्ति भी जरूरत होने पर खुलकर आपके साथ अपनी भावनाओं की साझेदारी करेगा। यकीन मानिए, इस तरह के इमोशनल सपोर्ट जिंदगी के लिए बहुत जरूरी होते हैं।

**अपनों को कराएं स्पेशल फील:** अपने प्रेममय व्यवहार से आप समय-समय पर अपनों को खास होने का अहसास दिलाती रहें। उदाहरण के लिए घर पर परिवार के सदस्यों से पूछें कि आज लंच या डिनर में क्या खाना पसंद करेंगे? उनकी पसंद के अनुकूल कोई डिश तैयार करें, इससे उन्हें अच्छा लगेगा। किसी वीकएंड पर आप उनके साथ उनकी किसी मनपसंद जगह घूमने जाएं, उनकी पसंद की मूवी भी उन्हें दिखा सकती हैं। इस तरह का आपका व्यवहार परिवार के सदस्यों का दिल जीतेगा।

**करें भावनाओं का सम्मान:** हो सकता है कि अपनों के लिए कुछ खास करने में आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़े फिर भी उनकी भावनाओं का सम्मान करें। उनके अच्छे प्रयासों की सराहना करें। इससे उन्हें अच्छा महसूस होगा। वे भी आपकी भावनाओं का खयाल रखेंगे। इस तरह आप जब अपनों को अहमियत देंगी, उनका खयाल रखेंगी तो आपके रिश्ते हमेशा अपनेपन और प्रेम से भरे रहेंगे। आपकी जिंदगी बहुत आसान हो जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### बैंक सुविधाओं एवं सेवाओं की दी जानकारी

**भिवानी/तोशाम।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा महत्वपूर्ण उपभोक्ता संगोष्ठी एवं व्यावसायिक समीक्षा बैठक का निजी होटल में किया। बैठक की अध्यक्षता बैंक के आंचलिक प्रमुख शीशराम तुंदवाल ने की। इसमें बैंक के विभिन्न उपभोक्ता व गणमान्य उपस्थित थे। आंचलिक प्रमुख शीशराम तुंदवाल ने उपभोक्ताओं को बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी।

### विद्यार्थियों ने दिया पेड़-पौधे लगाने का संदेश

**तोशाम।** जवाहर नवोदय विद्यालय देवराला में जेएनवीडी एलुमनी एसोसिएशन भिवानी के सहयोग से प्रयास ए गुलजार-2024 पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत विद्यालय के अनेक स्थानों पर लगभग 300 छायादार, फलदार, सजावटी पौधों सहित इनडोर वाले पौधे भी लगाए गए। पौधारोपण अभियान में विद्यालय के बच्चों ने बढ-चढ़ कर भाग लिया और पौधें रोपित किए।

### पेड़-पौधे हैं तभी धरती पर जीवन संभवः संतोष

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य संतोष भाकर में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने मिलकर विद्यालय प्रांगण, सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए व इनकी जियो टैंगिंग की। यूथ एंड इको क्लब से संबंधित तमाम जानकारियां भी साझा की गई।

### महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई जाएगी

**भिवानी।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति की राज्य स्तरीय जयंती सरकारी तौर पर 21 जुलाई को हिसार में मनाई जाएगी। जहां हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने पीडब्लूडी रैस्ट हाउस में हिसार में 21 जुलाई को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय दक्ष प्रजापति जयंती का न्यौता देने पहुंने के दौरान आयोजित प्रैस वार्ता में यह जानकारी दी।

### पोर्टल पर फसलों का रजिस्ट्रेशन करवाएं

**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल के मार्गदर्शन में सोमवार को कृषि कल्याण विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत गांव दुल्हेड़ी में शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता कृषि विकास अधिकारी डॉ. राकेश रोहिल्ला ने की। किसानों को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा के अंतर्गत फसलों का रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं, ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### हिंदी व अंग्रेजी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**चरखी दादरी।** उपमंडल के गांव नांधा स्थित आदर्श वमा विद्यालय के प्राइमरी विभाग के बच्चों के कौशल को विकसित करने के लिए लेखांकन प्रतियोगिता करवाई,जिसका उद्देश्य बच्चों को लेखांकन के प्रति जागरूक करना है, ताकि लेखांकन से संबंधित कोई परेशानी न हो। हिन्दी लेखांकन प्रतियोगिता में निशु, शिक्षा, साक्षी, जीया, दिया, साक्षी ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, अंग्रेजी लेखांकन प्रतियोगिता में अंशु, जीया, मानसी, प्रज्ञा, गर्वित, मोनिशा ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### मधमाधवी विद्यालय को भेंट किए 150 पौधे

**भिवानी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय मधमाधवी के प्रांगण में मुख्यतिथि पूर्णपुरा निवासी राजवंती धर्मपत्नी जयपाल सिंह ठेकेदार की अध्यक्षता में वन महोत्सव का आयोजन किया। मुख्यतिथि ने विद्यालय को 150 फल-फूल व छायादार पौधें भेट किए। मुख्यतिथि ने सपरिवार पौधें लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी छात्रों, अध्यापक व ग्रामीणों ने पौधरोपण किया और पौधों की पूर्ण देखरेख करने का संकल्प भी लिया।

## बाल भवन स्थित स्वीमिंग पुल में जिला तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

# 100 मीटर फ्री स्टाइल में लड़कियों में अनुशिका व लड़कों में सिद्धार्थ प्रथम

**बीआरसीएम के खिलाड़ियों ने जीती जिला तैराकी प्रतियोगिता की ओवरऑल ट्राफी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। अतिथियों के साथ जिला तैराकी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। फोटोः हरिभूमि

बाल भवन स्थित स्वीमिंग पुल में जिला तैराकी संघ द्वारा जिला तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया। तैराकी प्रशिक्षक जसविन्द्र सिहाग व शिक्षिका टिंकू की देखरेख में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न इवेंट्स में भाग लिया। प्रतियोगिता में बीआरसीएम के खिलाड़ियों ने ओवरऑल ट्राफी जीती और आर्यन स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को सेवानिवृत खेल अधिकारी जयसिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं विशेष अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार दीपक धांगड़ व समाजसेवी विकास बुड़ानिया एडवोकेट मौजूद रहे। इस अवसर पर पुरुष वरिष्ठ के 50 मीटर फ्री स्टाइल में आदित्य प्रथम, प्रवीण द्वितीय व जिवितेश तृतीय,100 मीटर फ्री स्टाइल में आदित्य प्रथम, सुनील द्वितीय, जिवितेश तृतीय, 200 मीटर फ्री स्टाइल में आदित्य प्रथम, सुविन्द्र द्वितीय व राहुल वर्मा तृतीय तथा 400 मीटर में आदित्य प्रथम स्थान पर रहे। 50 मीटर बैकस्ट्रोक में प्रवीण प्रथम, प्रिंस द्वितीय, कपिल वर्मा तृतीय, 100 मीटर बैकस्ट्रोक में नितेश प्रथम, यश कादयान द्वितीय, 50 मीटर बटरफ्लाई में मानविक सोनी प्रथम व मानव द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग 50 मीटर फ्री स्टाइल में निधि ने सोनी प्रथम, श्रुति चौधरी ने द्वितीय स्थान जीता। गुरप ए लड़के 15 से 17 वर्ष में 50 मीटर फ्री स्टाइल में परम सांगवान ने प्रथम, पूजन ने द्वितीय व रजत ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर संघ के सचिव एवं आयोजक चेतन प्रकाश, धर्मबीर तंवर, धर्मबीर सिंह, नरेश जोड़ा, नारायणदास, प्रेमसिंह वर्मा, कपिल शर्मा, नितेश, समीर, अरविंद एवं खिलाड़ियों के अभिभावक मौजूद रहे।

**ग्रुप-2 में लड़कियों में 12 वर्ष में 50 मीटर फ्री स्टाइल में सानवी प्रथम, पुरस्कार देकर सम्मानित**

100 मीटर फ्री स्टाइल में सिद्धार्थ चौधरी प्रथम, विहान द्वितीय, नितेश तृतीय, 200 मीटर फ्री स्टाइल में नितेश प्रथम, वियान द्वितीय व कर्ण तृतीय, 400 मीटर फ्री स्टाइल में सुदिप्ता प्रथम, नितेश द्वितीय, 50 मीटर बैकस्ट्रोक में पीयूष प्रथम, सिरिजन द्वितीय, हर्ष तृतीय, 100 मीटर बैकस्ट्रोक में पीयूष प्रथम व हर्ष द्वितीय, ग्रुप-2 में लड़कियों में 12 वर्ष में 50 मीटर फ्री स्टाइल में सानवी प्रथम, दीक्षा द्वितीय व अंजलि तृतीय व 100 मीटर फ्री स्टाइल में अनुसीका प्रथम, सानवी द्वितीय तथा दीक्षा तृतीय स्थान पर रही। महासचिव चेतन प्रकाश ने बताया कि पुरुष वर्ग में आदित्य, बीआरसीएम ग्रुप-1 में 15 से 17 लड़कियों में रमनया बीआरसीएम विभिन्न इवेंट में भाग लेकर ओवरआल चैंपियन रहे।

**ग्रुप-ए 15 से 17 वर्ष लड़कों में 100 मीटर फ्री स्टाइल में परम सांगवान प्रथम**

उन्होंने बताया कि ग्रुरप ए 15 से 17 वर्ष लड़कों में 100 मीटर फ्री स्टाईल में परम सांगवान प्रथम, तरूण द्वितीय तथा जोनी तृतीय, 200 मीटर में सन्नी प्रथम, प्रिन्स द्वितीय तथा जोनी तृतीय, 400 मीटर में सन्नी प्रथम, जोनी द्वितीय स्थान पर रहे। ग्रुरप ए लड़कियों में 15 से 17 वर्ष में 100 मीटर में महिमा प्रथम, रमनया द्वितीय तथा जसमीन तृतीय, 50 मीटर बैक स्टोक में रमनया प्रथम, जैसमीन द्वितीय, 100 मीटर में रमनया प्रथम व जैसमीन द्वितीय तथा 200 मीटर में रमनया प्रथम स्थान पर रहे। ग्रुरप 2 में 12 से 14 वर्ष लडकों में 50 मीटर फ्री स्टाइल में दक्ष प्रथम, सिद्धार्थ चौधरी द्वितीय तथा अभिमन्यु तृतीय स्थान पर रहे।



### खानक मामले में दोनों पक्षों को बुलाकर की बातचीत

**तोशाम।** खानक पहाड़ में ओवरलोड डंपर निकालने को लेकर सोमवार को दोनों पक्षों को एसडीएम ने अपने कार्यालय में बुलाया। जहां पर एसडीएम को ट्रक एसोसिएशन ने ओवरलोड को लेकर लिखित में दिया। ट्रक एसोसिएशन की मानें तो बात नहीं बन पाई। ओवरलोड को लेकर मंगलवार से कांटा नंबर एक पर सांकेतिक धरना ट्रक एसोसिएशन शुरू करेगी। एक तरफ तो सरकार जीरो टोरलैंस की बात कर रही है। वहीं दूसरी तरफ सरकारी एजेंसी एचएस आई आईडीसी खानक पहाड़ से पत्थरों से भरे ओवरलोड डंपर निकाल रही है। गाड़ियां ओवरलोड चलाने के कारण गाड़ी मालिक व चालको में काफी रोष है, इसको लेकर गाड़ी मालिक व चालक काटे बन्द करवा रखे हैं। चालक व गाड़ी मालिकों का कहना है कि गाड़ी करीबन 4 सौ फीट ऊपर से ओवरलोड पत्थर भरकर लाती है तो हादसा होने का भय रहता है। ओवरलोड गाड़ी रूकती नहीं है। ओवरलोड के चलते जब कोई हादसा हो जाएगा उसका कौन जिम्मेवार होगा। ट्रक एसोसिएशन के पवन ने बताया कि ओवरलोड बन्द नहीं किया जा रहा है।



### विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**चरखी दादरी।** गांव हंसावास खुर्द स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुख्याध्यापक सुरेश सैनी व स्टाफ सदस्यों द्वारा यही प्रयास किया जा रहा है कि विद्यार्थियों को पर्यावरण सहित अन्य सामाजिक विषयों के प्रति भी लगातार जागरूक व प्रेरित किया जाए। इसी कडी में आज पौधागिरी कार्यक्रम के तहत स्कूल प्रांगण में विभिन्न किस्म के पौधों को विद्यार्थियों के हाथों रोपित करवाया गया। मुख्याध्यापक सुरेश सैनी ने पौधरोपण करके इसका शुभारंभ किया। इसके उपरांत बच्चों व स्टाफ ने विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र में अमरूद, बेलपत्र, नाशपती, आडू, चीकू, बादाम, संतरा, ललटेना, मधु कामिनी, फल, फूल व छायादार औषधीय गुणों से युक्त पौधों को रोपित किया। बच्चों के बीच पौधों का वितरण किया, जिससे कि वो इन्हें अपने घर, आंगन व आसपास के खाली स्थानों पर रोपित करें और इनका संरक्षण करें। उ

**मार्केट न्यूज**

### भिवानी की प्रतिष्ठित एवं सुप्रसिद्ध मुरली स्वीटस पर घेवर की बेहतरीन वैरायटी उपलब्ध



**भिवानी।** मानसून की बौछारों के साथ ही घेवर की मीठी महक हवाओं में बहने लगी हैं। और ऐसी मिठास का आनंद लेने के लिए भिवानी की प्रतिष्ठित एवं सुप्रसिद्ध मुरली स्वीटस पर घेवर की बेहतरीन वैरायटी उपलब्ध हैं। सादा घेवर, मलाई घेवर, मिनी मलाई घेवर सभी का स्वाद एक दूसरे से बढ़कर है। बेहतरीन क्वालिटी, अनूठा स्वाद और उचित दाम मुरली स्वीटस के मुख्य उद्देश्य है। ग्राहकों की भारी भीड मुरली स्वीट्स पर लगी रहती है और सभी ग्राहको को हाथों-हाथ सभी उत्पादों की आपूर्ति की जाती हैं। सभी ग्राहक मुरली स्वीटस से खरीदी करके पूर्णत्या संतुष्ट नजर आते हैं। मुरली स्वीट्स सवामनी प्रसाद की क्षेत्र में अग्रणी हैं। मोटी बून्दी लहर, मोतीचूर लहर, दिलकुमार पेड़ा, चूरमा छप्पन भोग सभी प्रसाद से शुद्धता एवं सबसे अच्छे वातावरण में बिल्कुल ताजा तैयार किये जाते हैं। मुरली स्वीट्स सबसे कम भाव के साथ-2 जब बढ़िया क्वालिटी की काजू कतली ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहा हैं और बेहतरीन पैकिंग विकल्प ग्राहको को देता है।

### कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाली पौधारोपण की कमान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य आनंद कुमार ने खंड के सभी विद्यालयों में पौधारोपण की कमान संभाली हुई है। मानसून सीजन को लेकर उन्होंने विद्यालय मुखियाओं की मीटिंग लेकर विद्यालय प्रांगण, सार्वजनिक स्थानों आदि पर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया हुआ है। सोमवार को उन्होंने स्वयं सिकंदरपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर अपने करकमलों से सरपंच नरेश वर्मा, बीडीसी सतपाल,रोशनलाल, सुमनदेवी, श्रीनिवास, जयवंत, राकेश कुमार, रामधारी, प्रियंका आदि संग मिलकर त्रिवेणी लगाई।

# बीएसपी ने शहर में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- बसपा के तमिलनाडु प्रदेशाध्यक्ष की हत्या मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग
- हत्या मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बसपा करेगी राष्ट्रव्यापी आंदोलन : कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। बसपा के तमिलनाडु के प्रदेशाध्यक्ष की हत्या मामले में सीबीआई जांच करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते बसपा पदाधिकारी व सदस्य।

बीते दिनों हुई बहुजन समाज पार्टी के तमिलनाडु के प्रदेशाध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या मामले में सीबीआई जांच व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव कृष्ण जमालपुर के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने शहर में प्रदर्शन किया तथा एडीसी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र भेजा। बसपा प्रदेश महासचिव कृष्ण व जिलाध्यक्ष प्रदीप रंगा ने कहा कि इन दिनों देश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है तथा लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि बसपा तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष की सरेआम हत्या किए जाना कानून व्यवस्था की पोल खोल रही है। इस मामले में सीबीआई जांच की जानी चाहिए तथा आरोपियों को सख्य सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमलावरों के समूह ने आर्मस्ट्रांग की हत्या की, उससे साफ तौर पर पता चलता है कि देश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने मांगपत्र के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की कि वे मामले में सीबीआई जांच के आदेश दें तथा आर्मस्ट्रांग के लिए न्याय सुनिश्चित करें। इस दौरान बसपा नेताओं ने चेतावनी दी कि मामले में जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई तो बसपा राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होगी। इस अवसर पर ज्ञानसिंह बागड़ी, जोगीराम मेहरा, संजय हालुवास, रामभगत रेढू, ओमसिंह तंवर, पताशो देवी, जयपाल पालुवास, बनारसी दास तिगड़ाना, एजीएम रामसिंह, छत्तर सिंह फौजी, सेवानंद, संदीप सिधनवा आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित ना हों विकास कार्य

**चरखी दादरी।** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को लेकर आने वाली रूकावटों को सरपंचों व गांव के अन्य जन प्रतिनिधियों के माध्यम से दूर करवाया जाए और इसके लिए जिला के अधिकारी सरपंचों आदि के साथ बैठक कर समीक्षा करें। किसी भी हालत में विकास कार्य नहीं रूकने चाहिए। उपायुक्त मनदीप कौर ने समाधान शिविर के दौरान विकास कार्यों में आ रही रूकावट को लेकर रखी गई समस्या पर यह बात कही। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का समान रूप से विकास करवाना चाहती है, सीईओ जिला परिषद, एसडीएम और डीडीपीओ सहित सभी संबंधित अधिकारी इसको सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि कई बार आपसी झगड़ों के कारण भी विकास कार्यों में रूकावट आती है, ऐसे मामलों में सरपंच के माध्यम से झगड़ों को सुलझा कर विकास कार्य करें।

# पर्यावरण को बचाना हर व्यक्ति का दायित्वः विनोद

- जेएनवीडी एलुमनी एसोसिएशन ने नवोदय स्कूल देवराला में चलाया प्रयास ,गुलजार पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। जवाहर नवोदय विद्यालय, देवराला में प्रयास, गुलजार पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल जेएनवीडी एलुमनी एसोसिएशन के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे।

जवाहर नवोदय विद्यालय देवराला में जेएनवीडी एलुमनी एसोसिएशन भिवानी के सहयोग से प्रयास , गुलजार.2024 पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के तहत विद्यालय के अनेक स्थानों पर लगभग 300 छायादार, फलदार, सजावटी पौधों सहित इनडोर वाले पौधे भी लगाए गए। पौधारोपण अभियान में विद्यालय के बच्चों ने बढ.चढ़ कर भाग लिया और पौधे रोपित किए। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने पौधारोपण करते हुए विद्यार्थियों से पर्यावरण को शुद्ध व उसे सुरक्षित रखने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण का संदेश देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना हर व्यक्ति का दायित्व है। पर्यावरण पर ही मानव और जीव जंतुओं को जीवन आधारित है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉण राकेश सहरावत ने विद्यार्थियों को पौधे लगाने का संदेश देते हुए कहा कि हर पौधा पर्यावरण में योगदान देता है। वृक्ष हमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप में जीवन प्रदान करते हैं। यह ऑक्सीजन उत्पादन के साथ ही बारिश का स्त्रोत भी है। इसलिए पौधारोपण करके प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण में अपनी अह्म भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही संरक्षित रख सकते हैं। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों व स्कूली विद्यार्थियों ने पर्यावरण को बचाने और पेड़ पौधे लगाने का संदेश दिया। विद्यालय में पहुंचने पर स्कूल प्रशासन की ओर से एसोसिएशन के पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जेएनवीडी एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश सहरावत सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्राचार्य विनोद कुमार का स्वागत किया और एसोसिएशन द्वारा विद्यालय तथा समाज हित में किए जा रहे जैसे विद्यार्थियों की केरियर काउंसलिंग, मेडिकल चेकअप, पौधारोपण, स्कॉलरशिप आदि कार्योंं का उल्लेख किया।



### सीबीएलयू में क्षमता निर्माण कार्यशाला में कर्मचारियों ने सीखे टैक्स कटौती और नोटिंग ड्राफ्टिंग के गुर

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद व्यक्तित्व विकास केंद्र के तत्वावधान में कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व एवं कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह और डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो डीके मदान के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही सात दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला में प्रातः कालीन सत्र में हिपा रोहतक के प्राचार्य वीपी असीजा और सायंकालीन सत्र में सीडीएलयू सिरसा के पूर्व डिप्टी रजिस्ट्रार एवं सीबीएलयू में कंसलटेंट कुलदीप कुमार ने बतौर वक्ता शिरकत की। प्रातःकालीन सत्र में वीपी असीजा ने गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को वेतन एवं वार्षिक आय पर टैक्स कटौती के नए टैक्स स्लैब और नए टैक्स स्लैब के अनुसार टैक्स कैलकुलेशन,टैक्स रिबेट और टैक्स कटौती पर विस्तृत जानकारी दी। सायंकालीन सत्र में वक्ता कुलदीप कुमार ने गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग सहित ऑफिस कार्य में दक्षता एवं कार्य कुशलता के गुर सिखाए। कार्यशाला में डीन प्रो सुनीता भरतवाल ने कार्यशाला की उपयोगिता पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए।



### युवा संगठन ने अनाजमंडी में रोपित किए दर्जनों पौधे

**भिवानी।** सोमवार को चरखी दादरी में संत कबीरजी युवा संगठन ने नई अनाजमंडी एवं आसपास के क्षेत्र में दर्जनभर पौधरोपण किए। पौधरोपित करते हुए आह्वान किया कि बढ़ती गर्मी एवं प्रदूषित होते वातावरण की स्थिति को देखते हुए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए व प्रकृति एवं पर्यावरण का हितैषी बनना चाहिए, क्योंकि जब पेड़ पौधे ही नहीं होंगे तो शुद्ध हवा कहां से प्राप्त होगी, अगर शुद्ध हवा प्राप्त नहीं होगी तो सांस कैसे ले पाएंगे, इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे रोपित करने होंगे। इस अवसर पर धानक समाज प्रधान महेश सुरलिया ने पौधरोपण कर समय-समय पर उसकी देखरेख करने का संकल्प लिया और कहा कि वृक्ष हमारे लिए अत्यंत ही आवश्यक है। जिसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है।

## संगठन के मिशन का पालन पूरी निष्ठा से करें सभी सदस्यः राकेश

# जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे भिवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश शर्मा का अभिनंदन करते जेसी सुशील बुवानीवाला व अन्य सदस्य।

जेसीआई की विभिन्न शाखाओं द्वारा वर्षभर में किए गए कार्यो की जानकारी लेने व उन कार्यो की समीक्षा करने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र स्थित नीजि रेस्तरां में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस अधिवक्ता राकेश शर्मा ने शिरकत की, जिनका जोन-10 में पहुंचने पर जेसीआई भिवानी, जेसीआई भिवानी स्टार, जेसीआई भिवानी ब्लॉसम, जेसीआई भिवानी डायमंड के प्रधानों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जेसीआई भिवानी के पूर्व प्रधान जेसी सुशील बुवानीवाला ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत जेसीआई इंडिया के अध्यक्ष शर्मा व जोन अध्यक्ष जतिन सिंगला ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जेसीआई की विभिन्न शाखाओं द्वारा समाजहित के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली तथा उन्हें भविष्य में और भी बेहतर ढ़ंग से करने के लिए प्रेरित किया। शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को एकजुट होने का मौका मिलता है तथा उनकी वर्षभर की मेहनत एवं प्रयासों को भी एक-दूसरे से सांझा किया जाता है। पूर्व प्रधान जेसी सुशील बुवानीवाला ने कहा कि जेसीआई का उद्देश्य समाजसेवा के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाना है, जिस कर्तव्य का सदस्य पूरी निष्ठा से निर्वहन करते है। जेसीआई की विभिन्न शाखाएं पौधरोपण, रक्तदान, चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल में वॉटर कूलर, एयर कूलर, गद्दे व रजाई आदि भेंट करने के कार्य करती हैं। इस अवसर पर प्रधान दीपक गोयल, प्रधान पुलकित सिंगला, प्रधान भारत गुप्ता, प्रधान श्वेता मित्तल, रमेश बंसल, दिनेश गोयल, राहुल बासिया, विवेक अग्रवाल, उमाशंकर अग्रवाल, आशीष बंसल, पंकज, जतिन मित्तल, विवेक बंसल आदि मौजूद है।

## खबर संक्षेप

### पपोसा मुक्तिधाम में किया पौधरोपण

**बवानीखेड़ा।** ग्राम पंचायत पपोसा द्वारा आयोजित वन सप्ताह के अवसर पर मुक्ति धाम पपोसा में बरगद, पीपल,और नीम के पौधे लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरपंच सुरेश कुमार ने ग्रामीणों को प्राकृतिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने पौधरोपण का आह्वान करते हुए बताया कि वृक्षों का संरक्षण हमारे भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। वृक्षों के बिना हम स्वस्थ जीवन की कल्पना नहीं कर सकते।

### पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने मनाया वार्षिकोत्सव

**भिवानी।** रोहतक रोड रेस्तरां में भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति का दूसरा वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में समिति द्वारा किए कार्यो पर चर्चा की तथा समाजहित में इन कार्यो को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया। समिति के संयोजक केके वर्मा ने बताया कि समिति के दूसरे वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रातः 6 से 7 बजे तक योग, 7 से 8 बजे तक प्राणायाम, 8 से 9 बजे 11 पौधों का रोपण, 9 से 12 बजे तक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान समिति के उद्देश्यों व प्रगति के बारे में विस्तार से बताया तथा भविष्य में इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।

### पौधे लगाकर भूलें नहीं पेड़ बनने तक सींचें

**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि 15 जुलाई को क्षेत्र में बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी विभागाध्यक्ष तैयारी करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि पौधें लगाकर भूलें नहीं, पेड़ बनने तक सींचते रहें। एसडीएम ने कहा कि पौधरोपण अभियान मात्र औपचारिकता न बनकर पौधों का पालन-पोषण करें। पौधरोपण के बाद संरक्षण भी जरूरी है। एसडीएम सोमवार को उपमंडल परिसर में स्थित अपने कार्यालय में पौधरोपण अभियान को लेकर विभागाध्यक्षों की बैठक में बोल रहे थे।

## किसानों के साथ अन्याय किसी भी सूरत में नहीं होगा बर्दाश्त : राजदीप

# नहरी पानी बंटवारे में भेदभाव का आरोप, किसानों ने किया प्रदर्शन

सोमवार को कमोद और खातीवास के नहरी पुल पर आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण एकत्रित हुए और नहरी पानी को लेकर रोष प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** सिंचाई विभाग के अधिकारी से बात करते किसान। फोटो : हरिभूमि

क्दादरी के आधा दर्जन गांवों के किसानों ने सिंचाई विभाग व संबंधित अधिकारियों पर काफी गंभीर आरोप लगाते हुए रोष जताया। किसानों ने आरोप लगाया की अधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं। किसानों के विरोध के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। सोमवार को कमोद और खातीवास के नहरी पुल पर आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण एकत्रित हुए।

उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक राजदीप फौगाट को मौके पर बुलाया। बड़ी संख्या में पहुंचे झींझर, रावलधी, खातीवास, कमोद व बिगोवा आदि गांव के किसानों ने पूर्व विधायक को बताया कि उनको किया जा रहा परेशान। नहरी पानी को लेकर किसानों में रोष है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। रात को अधिकारी जीप लेकर किसानों के पाइपों को खेतों में में काट देते हैं। किसानों ने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि प्रदेश के एक मंत्री के कहने पर यह सब किया जा रहा है। उनके आदेश अनुसार नहरी पानी को लोहारू पहुंचाना जरूरी है। दादरी के हक के पानी को भी लोहारू के लिए सप्लाई किया जा रहा है। इस विषय में जब कर्मचारियों व अधिकारियों से बात की जाती है तो वो भी न सिर्फ अनसुना कर देते हैं साथ में कई बार बदतमीजी करने पर उतर आते है और किसानों के प्रति उनकी भाषा भी अलग ही अंदाज में होती है। राजदीप फोगाट ने कहा किसी भी सुरत में किसानों के साथ अन्याय नहीं करेंगे।

दादरी के हिस्से का पानी लोहारू नहीं जाने देंगे। दादरी भी प्रदेश का हिस्सा है। राजदीप फोगाट ने मौके पर सिंचाई विभाग के मंत्री से पर बात की और मौके पर अधिकारियों को बुलाया। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत करते हुए किसानों की समस्याओं को तुरंत हल करने के लिए मांग उठाई व किसानों को भरोसा दिलाया कि हर स्थिति में वो उनके साथ खड़े हैं।



## कर्मचारी भिवानी में 16 को प्रदर्शन कर उपायुक्त को सौंपेंगे ज्ञापन

- लंबित मांगों को लेकर यूनियन ने किया आंदोलन का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिल वर्कर्ज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की मीटिंग सोमवार को बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता सूरजभान जटासरा ने की तथा संचालन जिला सचिव सुशील आलमपुर ने किया।

राज्य मुख्य संगठन सचिव गंगाराम मौण ने कहा कि कर्मचारियों के प्रति सरकार की मंशा ठीक नहीं है तथा सरकार कर्मचारियों की मांगें पूरी करने की बजाय उन्हें धमकाने का काम कर रही है, जिससे कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है, इसीलिए राज्य कमेटी ने प्रदेशभर में मीटिंग करके हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को सिंचाई मंत्री अभय यादव के नारनौल स्थित आवास पर आंदोलन किया जाएगा। 25 अगस्त को जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारीलाल के निवास स्थान पर आंदोलन किया जाएगा। एक सितंबर को पंचायतीराज मंत्री महिपाल ढांडा के निवास पर ट्यूबल ऑपरेटर की मांगों को लेकर पानीपत में आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई से 26 जुलाई तक सर्व कर्मचारी संघ की मांगों का लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों के उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपे जाएंगे।



## स्वयंसेविकाओं ने हेल्प डेस्क लगाकर छात्राओं को दी दाखिले की जानकारी

**तोशाम।** सोमवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट 1 और 2 की स्वयंसेविकाओं ने एडमिशन के फर्स्ट-डे हेल्प डेस्क लगाकर छात्राओं की मदद की। उल्लेखनीय है कि सोमवार को महिला महाविद्यालय तोशाम में बीए, बीएससी, बीकॉम फर्स्ट ईयर के दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई, जिसमें एडमिशन लेने के इच्छुक विद्यार्थियों का महाविद्यालय में दिनभर आवागमन लगा रहा। फर्स्ट मेरिट लिस्ट आउट होने के बाद महाविद्यालय प्रशासन ने एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनएसएस यूनिट 1 और 2 की स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में एक हेल्प डेस्क लगाकर आने वाले विद्यार्थियों की एडमिशन प्रोसेस में काफी सहायता की। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य मंजीत सिंह ने एनएसएस हेल्प डेस्क की काफी सराहना की वहीं दाखिले हेतु आए हुए विद्यार्थियों के साथ आए अभिभावकों ने भी कहा कि एनएसएस हेल्प डेस्क से हमें काफी सहायता मिल रही है। इससे हमें सारी जानकारी एक ही जगह मिल रही है अब हमें एडमिशन के लिए इधर-उधर नहीं घूमना पड़ रहा।

### जलशक्ति अभियान के तहत शिविर का आयोजन

**तोशाम।** एसडीएम मनोज कुमार दलाल के मार्गदर्शन में सोमवार को कृषि कल्याण विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत गांव दुल्हेड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कृषि विकास अधिकारी डॉ. राकेश रोहिला ने की।

कृषि विकास अधिकारी डॉ राकेश रोहिला ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा के अंतर्गत फसलों का रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों के लिए पीएम किसान निधि जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। किसानों को अधिक से अधिक सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। खंड कृषि अधिकारी ने शिविर में आए किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया।

# कर्मचारियों को ओपीएस देगी कांग्रेस:हुड्डा

- बीजेपी ने प्रदेश पर चढ़ाया 4.50 लाख करोड़ का कर्जाए सिर पर 1.62 लाख का कर्ज लेकर पैदा होता है हर बच्चा : उदयभान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** एकत्रित समर्थकों को संबोधित करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस ने किसानों को कर्ज माफी, बिजली के बिल माफी और एमएसपी दी, लेकिन बीजेपी ने उन्हें लाठी, डंडे और गोलियां दी। कांग्रेस ने जवानों को पक्की नौकरियां दी, लेकिन बीजेपी ने उन्हें कौशल निगम और अग्निवीर जैसी ठेका प्रथा दी। कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं को खिलाड़ी बनाया, लेकिन बीजेपी ने उन्हें नशेड़ी बनाया। कांग्रेस ने बेटियों को देश का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी बनाया, लेकिन बीजेपी ने अपने नेताओं से उन बेटियों का उत्पीड़न करवाया। कांग्रेस ने प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और रोजगार देने में हरियाणा को देश का नंबर वन राज्य बनाया तो बीजेपी ने उसे बेरोजगारी, अपराध और नशे में नंबर वन बनाया। इसलिए 10 साल कांग्रेस और 10 साल बीजेपी का कार्यकाल देखने के बाद जनता को दोनों सरकारों के कामों की तुलना करनी चाहिए और इसी आधार पर विधानसभा में वोट करनी चाहिए। हुड्डा सोमवार को भिवानी में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, हिसार से सांसद जयप्रकाश जेपी और भिवानी.महेंद्रगढ़ से पार्टी प्रत्याशी रहे राव दान सिंह समेत तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सम्मेलन के मंच से हुड्डा ने ऐलान किया कि कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्ग दम्पति को 12000 रुपये महीना यानी 6000.6000 रुपये पेंशन दी जाएगी। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाएगा। उदयभान ने एकजुटता और आराम हराम है का नारा बुलंद किया। उन्होंने प्रत्येक बूथ को मजबूत करने और कांग्रेस की घोषणाओं को घर.घर तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस ज्वाइन की

सम्मेलन में कई बड़े नेताओं ने कांग्रेस का दामन था। इनमें भिवानी जिला परिषद की चेयरपर्सन अनीता मलिक,व्यापार मण्डल के प्रधान तोशाम जोगेंद्र मलिक, क्रेश एसोसिएशन के पूर्व प्रधान कृष्ण मलिक, नरेन्द्र पार्षद देवराला सहित अनेक लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन की।

## समाधान शिविर में समस्याओं का किया जाता है प्राथमिकता से समाधान : एडीसी

**भिवानी।** कार्यवाहक डीसी एवं अतिरिक्त उपायुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है। सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में समाधान प्रकोष्ठ का गठन कर एक अनूठा महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाधान प्रकोष्ठ द्वारा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 09:00 से 11:00 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एडीसी हर्षित कुमार सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन कर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा.निर्देश दे रहे थे। इस दौरान एसडीएम हरबीर सिंह नगराधीश विपिन कुमार भी मौजूद रहे। एडीसी ने लोगों की प्रॉपर्टी आईडीए परिवार पहचान पत्रए पुलिस विभाग से संबंधितए राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की 40 समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाने बारे जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा गरीब व अंत्योदय परिवारों के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है और फिर भी कोई समस्या आती है तो उसके लिए समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी व अनेक फरियादी मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की मांगों पर सहमति

- कर्मियों का जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में मांगों को लेकर धरना 11वें दिन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** धरने के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की जायज मांगों के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में चल रहे धरने के 11वें दिन के धरने की अध्यक्षता ब्रांच के वरिष्ठ उपप्रधान बजरंग लाल ने की। सोमवार को सायं तीन बजे विभाग के अधिकारी ने कर्मियों को बातचीत के लिए बुलाया और कुछ मांगों पर सहमति जताई। इसके बाद पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने धरना स्थगित कर दिया। अब 9 जुलाई कर्मचारी मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करेंगे। धरने में पूर्व प्रांतीय प्रचार सचिव पुरुषोत्तम कौशिक, राज्य कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत, राज्य के मुख्य सलाहकार सज्जन भारद्वाज, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सेन ने शिरकत की। मीटिंग का संचालन शहरी ब्रांच के सचिव विजेंद्र परमार ने किया। शहरी ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा व फील्ड ब्रांच के प्रधान आनंद श्योराण ने कर्मचारियों को बताया कि प्रदेश कमेटी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में 8 से 26 जुलाई तक जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन कर उपयुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन भिजवाया जाएगा। इस कड़ी में भिवानी जिले का कार्यकर्ता नौ जुलाई को रोष प्रदर्शन जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सर्कल में करेगा। रोष प्रदर्शन में जिले के सभी हजारों कर्मचारी भाग लेंगे। इस रोष प्रदर्शन में शहरी व फील्ड ब्रांच से कर्मचारी जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग सर्कल में इकट्ठा होकर शहर में रोष प्रदर्शन कर उपायुक्त को मांगपत्र सौंपेंगे। इस रोष प्रदर्शन में शहरी व फील्ड ब्रांच से कर्मचारी जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग सर्कल में इकट्ठा होकर शहर में रोष प्रदर्शन करते हुए जिला उपायुक्त महोदय को अपनी मांगों का मांग पत्र सौंपेंगे। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी द्वारा यूनियन पदाधिकारियों को सायं तीन बजे बातचीत के लिए बुलाया तथा कुछ मांगों पर सहमति जताते पर धरना आज स्थगित कर दिया। इस अवसर पर जिला उपप्रधान सुरेश कौशिक, चांदीराम कादयान, सुखबीर गुर्जर, अमरपाल, आशुतोष, नरवीर, रणधीर, पुरुषोत्तम, प्रेमराज, अशोक, रामधारी, देवेंद्र, नरेंद्र, पुष्कर, नारायण, मुकेश, अनिल, श्रीपाल राठी, सुशील, राजसिंह, धूपसिंह आदि ने भाग लिया।



## निर्माण मजदूरों का 10-11 को वितमंत्री दलाल के आवास पर 24 घंटे का पड़ाव

**भिवानी।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) के आह्वान पर निर्माण मजदूरों की बकाया मांगो के लिए 10-11 जुलाई को वित्तमंत्री जेपी दलाल के आवास पर 24 घण्टे के लिए पड़ाव की तैयारियां हुई तेज। यह जानकारी यूनियन जिला प्रधान राममेहर सिंह, उपाध्यक्ष महावीर चांग व सचिव अनिल कुमार ने संयुक्त गांवो व मोहल्लों में जनसम्पर्क अभियान चलाते हुए बताया। जनसम्पर्क अभियान के तहत भिवानी के बड़ेसरा, मिताथल, कोंट, नांगल, मानेहरू, बामला, कालुवास आदि में नुक्कड़ बैठकें की गई। नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए यूनियन नेताओ ने बताया कि भाजपा सरकार में निर्माण मजदूरों का शोषण तेज हुआ है, जहां खाने पीने की वस्तुओं व सब्जी की महंगाई है, वहीं दूसरी ओर निर्माण सामग्री के महंगी होने के चलते निर्माण मजदूर को काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 22 लाख निर्माण मजदूरों में से सिर्फ 3 लाख ही जीवित पंजीकरण हैं, जिसमें से एक छोटे हिस्सा ही सुविधा लाभ ले पाता है। दलाल अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके मजदूरों को लूट रहे है। यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा जल्द मजदूरों कि मांगो का समाधान नहीं किया तो जिलेभर के निर्माण मजदूर 10-11 जुलाई को वित्तमंत्री जेपी दलाल के आवास पर 24 घंटे के लिए पड़ाव डालेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### सीवरेज व्यवस्था दुरूस्त होने पर जताया हरिभूमि का आभार

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के हांसी भिवानी मार्ग पर शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने सीवरेज लीकेज होने व कस्बावासियों के रोष प्रदर्शन की समस्या हरिभूमि में प्रकाशित होने पर समास्या का समाधान हुआ। समस्या के समाधान को लेकर कस्बावासियों ने हरिभूमि समाचार पत्र व पत्रकार का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि शहर का मुख्य बाजार जहां चहलकदमी रहती है वहां मुख्य मार्ग पर सीवरेज के लीकेज होने की समस्या चरमराई हुई थी। लोग वहां से मुंह ढ़ांपकर चलने को मजबूर दिखाई देते थे व शहर में आवाजाई भी कम हो गई थी। जिससे लोगों को बीमारियों के फैलने का भय सताने लगा था। इसी से आहत होकर कस्बावासियों ने रोष प्रदर्शन किया व हरिभूमि में प्रकाशित लेख से प्रशासन ने सुध लेकर इसका समाधान करवाया।

## जोगीवाला शिव मंदिर से भारत व नेपाल की यात्रा पर हुए रवाना

# देश के चार धामों की यात्रा पर निकले नरेंद्र यादव

- यादव भारत, पाकिस्तान व बांगलादेश के बॉर्डर की कर चुके यात्रा
- चार धाम की यात्रा फलदायी, पहाड़ों पर भी दें पर्यावरण को संरक्षण : वेदनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ से आशीर्वाद लेकर यात्रा पर रवाना होते नरेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

देशभर में धार्मिक स्थलों की यात्रा कर रहे भिवानी के साइकिल मैन नरेंद्र यादव नंदगांव को जोगीवाला शिव मंदिर से चार धाम के लिए महंत वेदनाथ महाराज ने आशीर्वाद देकर रवाना किया।

नरेंद्र की यात्रा श्रीकेदारनाथ, श्रीबद्रीनाथ, श्रीहेमकुंड साहिब यमुनोत्री और गंगोत्री तक जाएगी और आते समय भाई नरेंद्र यादव गंगोत्री से गंगाजल लेकर दो अगस्त को शिवरात्रि पर्व पर बाबा पूणार्नंद गिरी महाराज गांव नंदगांव के मंदिर स्थित प्राचीन शिवालय में गंगाजल चढ़ाएंगे और भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। नरेंद्र ने कहा कि अबतक वें 14000 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर चुके हैं, जिसमें नंदगांव से अयोध्या, काशी विश्वनाथ, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, लाल चौक कश्मीर,अमरनाथ, द्वारका, जगन्नाथ पुरी, श्रीगंगा सागर (पश्चिमी बंगाल) भारत-पाकिस्तान की सीमा वाघा बॉर्डर, श्रीपशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू (नेपाल) तक की सफल एवं ऐतिहासिक यात्रा कर चुके हैं। अबकी बार उनकी चार धाम की यात्रा है। पर्यावरण के प्रति और पेड़ पौधों के प्रति बहुत गहरी रुचि रखते हैं। उन्होंने खुद गांव में सैंकड़ों पेड़ लगाए है। यात्रा के दौरान नरेंद्र यादव पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ। पेड़ लगाओ धरती बचाओ जल बचाओ जीवन बचाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।

यात्रा को सहयोग करने वाले नरेंद्र डॉकवाल, कृष्णा, कमलेश, अंकित, सतवीर, सूबेदार सुरेश, ईश्वर पंच, मीरसिंह व राष्टपति अवार्डी अशोक भारद्वाज हैं।

### आस्तिक व्यक्ति लगन एवं संकल्प के बल पर कर सकता है कार्य को पूरा : महंत वेदनाथ

जोगीवाला मंदिर के मठाधीश महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि जिस व्यक्ति में आस्था और लग्न हो वह अपने संकल्प के बल पर कार्य को पूरा कर सकता है। नरेंद्र लम्बे समय से धार्मिक स्थलों की यात्रा कर रहे हैं। मौसम खराब होने के कारण उनकी यात्रा देरी से रही है, नरेंद्र ने भारत और नेपाल के अनेक धार्मिक स्थलों की यात्रा की है और अब मंदिर से चार धाम की यात्रा पर निकले हैं। वें नरेंद्र को मंदिर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं देतें हैं कि उनका मिशन कामयाब हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि यात्री तीर्थ स्थलों पर गंदगी, कूड़ा प्लास्टिक बॉटल, रैपर आदि इधर उधर न डालें। पहाड़ों व नदियों की गरिमा को कायम रखें।